भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 461 #

गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन का विकास

461 # श्री खीरू महतो:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महामाया (दुर्गा) मंदिर झारखंड राज्य के रांची जिले के तमाड़ प्रखंड की डिम्बु जर्दा पंचायत के अंतर्गत हराडीह गांव में कांची नदी के तट पर स्थित है;

(ख) क्या यह सच है कि पुरातत्व विभाग द्वारा निरीक्षण के बाद 10 एकड़ भूमि पर एक चारदीवारी और द्वार का निर्माण किया गया है और एक बड़ा मेला भी आयोजित किया जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने आते हैं;

(ग) क्या सरकार इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जी हां।

(ख): झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरातत्व विभाग ने मंदिर का सर्वेक्षण किया तथा मंदिर की लगभग 4.5 एकड़ भूमि पर गेट सहित चारदीवारी का निर्माण किया था। प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति, चैती दुर्गा पूजा के दौरान विशाल मेला भी आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की नियत दिशा-निर्देशों के अनुसार जाँच की जाती है तथा निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****